# लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान

(स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) एवं लोहिया स्वच्छता योजना)

**बिहार ग्रामीण जीविकोपार्जन प्रोत्साहन समिति, ग्रामीण विकास विभाग**

बिहार सरकार

विद्युत भवन-2, प्रथम तल, बेली रोड, पटना-800 021, दूरभाष : +91-612-250 4980, फैक्स : +91-612-250 4960 वेबसाइट : www.lsba.bih.nic.in


पत्रांक: BRLPS/LSBA/ESH)74/18/201 — दिनांक: 11/06/18

प्रेषक,

**राजीव कुमार सिंह, बि०प्र०से०**
प्रशासी पदाधिकारी-सह- राज्य समन्वयक
लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान।

सेवा में,

उप विकास आयुक्त -सह-उपाध्यक्ष,
जिला जल एवं स्वच्छता समिति,
किशनगंज।

**विषय:** **किशनगंज जिला में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत बरती गयी अनियमितता में सम्मिलित प्रखंड समन्वयकों, डाटा इंट्री ऑपरेटरों एवं कार्यपालक सहायकों के विरूद्ध कार्रवाई किए जाने के संबंध में।**

**प्रसंग:** **विशेष कार्य पदाधिकारी, ग्रामीण विकास विभाग, बिहार का पत्रांक 366726 दिनांक 25.04.2018.**

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र के संबंध में कहना है कि जिला पदाधिकारी, किशनगंज द्वारा पत्रांक 528/डी०आर०डी०ए० दिनांक 28.03.2018 के माध्यम से स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत दिनांक 02.10.2014 से 30.06.16 तक निर्मित शौचालय निर्माण के क्रम में लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग द्वारा बरती गयी अनियमितता के संबंध में प्राथमिकी दर्ज किए जाने से अवगत कराया गया है। प्राप्त अभिलेखों के अवलोकन से प्रथम द्रष्टतया किशनगंज जिला में उक्त अवधि में कार्यरत जिला समन्वयक एवं प्रखंड समन्वयकों की संलिप्तता प्रतीत होती है।

अतः उपर्युक्त के आलोक में अनुरोध है कि कृपया उपरोक्त प्रसंगाधीन विषय पर जाँचोपरान्त तत्कालीन जिला समन्वयक एवं नामित प्रखंड समन्वयकों से स्पष्टीकरण प्राप्त कर लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के मानव संसाधन निर्देशिक (HR Manual) की कंडिका 8 के तहत अग्रेतर कार्रवाई करने का कष्ट करेंगे।

विश्वासभाजन

11/6/18

(राजीव कुमार सिंह)